Regarding need to provide stoppage for Mumbai-Solapur Vande Bharat Express at Lonavala Railway Station-laid

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे **(मावल):** माननीय प्रधानमंत्री जी के महत्वाकांक्षी योजनाओं मे से एक वंदे भारत ट्रेन अपनी उच्च तकनीकी के लिए जानी जाती है । वर्तमान में मुंबई से पूना होते हुए सोलापुर तक वंदे भारत ट्रेनों का संचालन किया जाता है और इस ट्रेन को मुंबई के बाद पहला स्टॉपेज ठाणे स्टेशन और इसके बाद अगला स्टॉपेज कल्याण स्टेशन पर दिया गया है, जबकि ठाणे स्टेशन से कल्याण स्टेशन के बीच की दूरी मात्र 15 किलोमीटर है जबकि कल्याण के बाद अगला स्टॉपेज सीधे पूना रेलवे स्टेशन पर दिया गया है और कल्याण से पूना स्टेशन के बीच की दूरी 100 किलोमीटर है । कल्याण से पूना के बीच मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पनवेल, लोनावाला, पिंपरी चिंचवड और दापोडी रेलवे स्टेशन हैं । लोनावाला एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन होने से प्रतिवर्ष यहाँ लाखों की संख्या में देश विदेश से पर्यटक आते हैं, यहाँ पर भी वंदे भारत ट्रेन को ठहराव नहीं दिया गया है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से मुंबई से सोलापुर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को लोनावाला स्टेशन पर स्टॉपेज दिए जाने की मांग करता हूँ ।